कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का प्रतिष्ठान)

ओक पार्क हाउस, नैनीताल – 263001

प्रतिनियुक्त सूचना

कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लि0, नैनीताल में निम्न विवरणानुसार रिक्त सहायक अभियन्ता (सिविल)/अवर अभियन्ता (सिविल) के पदों को "प्रतिनियुक्ति" के आधार पर भरे जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य के समस्त शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं स्वायतशासी विभागों/निगम में कार्यरत अर्ह/पात्र अभियन्ताओं से स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लि0, नैनीताल ओक पार्क हाउस मल्लीताल, नैनीताल के कार्यालय में दिनांक 05.11.2026 तक निर्धारित प्रारूप में निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

क्रं0सं0	पद का विवरण	वेतनमान	पदों की संख्या	योग्यता
01	सहायक अभियन्ता(सिविल)	मैट्रिक लेबल–10 वेतन बैण्ड रू0 56100–177500 ग्रेड वेतन रू0 5400/–	01	शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं स्वायतशासी विभागों/ निगमों में सहायक अभियन्ता (सिविल)/अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद एवम् वेतनमान पर वेतनमान पर 5 वर्षों की नियमित सेवा जिसमें से कम से कम 02 वर्षों तक सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद एवम वेतनमान अथवा उच्चतर पर नियमित रूप से कार्य किया गया हो । एस.बी.डी तथा ई–निविदा प्रक्रिया के ज्ञान एवं भवन निर्माण में अनुभव को वरीयता दी जायेगी।
02	अवर अभियन्ता (सिविल)	मैट्रिक्स लेबल–07 वेतन बैण्ड रू0 44900–142400 ग्रेड वेतन रू0 4600/–	01	शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं स्वायतशासी विभागों/ निगमों में अवर अभियन्ता (सिविल) के पद पर वर्णित अथवा उच्चतर वेतनमान में 03 वर्षों की नियमित सेवा । ई0डी0पी0आर0 के ज्ञान एवं भवन निर्माण में अनुभव को वरीयता दी जायेगी।

प्रतिनियुक्ति हेतु नियम शर्तें :–

01– सम्बन्धित अभियन्ताओं की प्रतिनियुक्ति की अवधि 03 वर्ष अथवा निगम में सम्बन्धित पद पर नियमित अभ्यर्थी की नियुक्ति होने तक अथवा भविष्य में निगम को आवंटित निर्माण कार्यों के अनुसार आवश्यकता होने तक, जो भी पहले हो तक की जायेगी ।

2– नियुक्त अभियन्ता के वेतन का निर्धारण उपरोक्त वर्णित वेतन बैण्ड अथवा उनके पैतृक विभाग में मौलिक पद पर प्राप्त वेतन जो भी ज्यादा हो के अनुसार किया जायेगा ।

3– नियुक्त अभियन्ता को निगम द्वारा प्रतिनियुक्ति हेतु पुष्टि किये जाने के एक माह के भीतर अपने मूल विभाग से प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में अनापत्ति प्राप्त कर निगम मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगी । प्राप्त अनापत्ति में इस तथ्य का अंकन होना अनिवार्य होगा कि सम्बन्धित अभियन्ता के ऊपर पूर्व में न तो कोई दण्डादेश पारित है, न ही उनके ऊपर वर्तमान में कोई विभागीय कार्यवाही गतिमान है । सम्बन्धित अभियन्ता को नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के एक माह के भीतर अपनी उपस्थिति निगम के प्रबन्ध निदेशक महोदय को दी जानी अनिवार्य होगी ।

4– नियुक्त अभियन्ता के कार्यो एवं दायित्वों का निर्धारण निगम के प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा किया जायेगा।

A.E

सम्पर्क :– कार्यालय : 231437, 231985, 236043

ई–मेल : kmvn@yahoo.com वेबसाइट : www.kmvn.in

5– भविष्य में कुमाऊँ मण्डल विकास निगम में नियुक्त अभियन्ता की आवश्यकता प्रतीत न होने की दशा में किसी भी समय एक माह के लिखित नोटिस पर नियुक्त अभियन्ता की प्रतिनियुक्ति की सेवाओं को समाप्त करते हुए उन्हें मूल विभाग हेतु अवमुक्त कर दिया जायेगा ।

6– प्रतिनियुक्ति अवधि में सम्बन्धित अभियन्ता की तैनाती/स्थानान्तरण कुमाऊँ क्षेत्र के किसी भी जिले में किया जा सकता है । इस हेतु सम्बन्धित अभियन्ता को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए ।

7– आवेदनकर्ता को उपरोक्त तालिका के अनुसार सम्बन्धित पद पर न्यूनतम वर्णित कार्य अनुभव होना अनिवार्य होगा । प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में तालिका में वर्णित बिन्दुओं के अनुसार ज्ञान/अनुभव होने पर सम्बन्धित अभियन्ताओं को वरीयता दी जायेगी ।

8– आवेदनकर्ता को अपने आवेदन के साथ इस आशय का नोटराइज्ड शपथ पत्र रू 100/– के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करना होगा कि उनके ऊपर पूर्व में न तो कोई दण्डादेश परित है न ही वर्तमान में कोई विभागीय कार्यवाही गतिमान है । इस शपथ पत्र की मूल प्रति को आवेदनकर्ता को अपने आवेदन के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।

9– आवेदनकर्ता को अपने आवेदन के साथ अपनी शैक्षिक योग्यता (सम्बन्धित डिग्री/डिप्लोमा एवं इण्टरमीडिएट तथा हाईस्कूल उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र एवं अंकतालिकाओं) से सम्बन्धित अभिलेख तथा सम्बन्धित पद पर नियत अवधि की सेवा पूर्ण किये जाने सम्बन्धित अभिलेख जैसे– नियुक्ति पत्र/पदोन्नति आदेश की प्रति अपने आवेदन के साथ सलग्न कर निगम में जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।

10– वरीयता के सम्बन्ध में वांछित अभिलेखों /प्रमाण पत्रों की प्रति को भी सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा अपने आवेदन के साथ संलग्न कर निगम में जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।

11– आवदेनकर्ता को आवेदन फार्म के साथ समस्त वांछित प्रपत्रों को संलग्न कर लिफाफे में सीलबन्द कर आवेदन प्रेषित किये जाने होगें । आवेदन निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व निगम के वर्णित पते में उपलब्ध किये जाने अनिवार्य होगें । किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में हुई देरी के लिए आवेदनकर्ता स्वंय जिम्मेदार होगा, देरी से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

12– आवेदन के सम्बन्ध में सम्बन्धित अभियन्ता द्वारा यदि कोई असत्य/भ्रामक सूचना उपलब्ध करायी जाती है तो उस दशा में आवेदनकर्ता के आवेदन को निरस्त किया जायेगा एवं निगम/सम्बन्धित विभाग आवेदनकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाये जाने हेतु स्वतन्त्र रहेगा ।

13– आवेदनों की जॉच के उपरान्त योग्य आवेदनकर्ताओं को साक्षात्कार हेतु नियत तिथे से पृथक से अवगत कराया जायेगा ।

14– लिफापे के ऊपर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पद का नाम लिखना अनिवार्य है ।

संलग्न– आवेदन फार्म

प्रबन्ध निदेशक

A.E

कुमाऊँ मण्ड़ल विकास निगम, लि0 नैनीताल में सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अवर अभियन्ता (सिविल) के पद पर"प्रतिनियुक्ति"के आधार पर नियुक्ति/भर्ती हेतु उत्तराखण्ड़ राज्य के समस्त शासकीय विभागों से अर्ह/पात्र अभियन्ता हेतु आवेदन पत्र।

आवेदित पद का नाम–.....

स्वप्रमाणित नवीनतम चित्र यहां चिपकायें।

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में)–.....
   (अंग्रेजी में)–.....
2. लिंग (पुरूष/महिला)–.....
3. पिता/पति का नाम–.....
4. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)–.....
5. आरक्षण श्रेणी – (सामान्य/अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/ओबीसी)–.....
6. पता –
   (ए)स्थायी पता–.....
   .....
   (बी) पत्राचार का पता–.....
   .....
   (सी)मोबाईलनम्बर–.....ई–मेल–.....
7. कार्यालय का नाम (जहां वर्तमान मे कार्यरत है) .....
8. वर्तमान में धारित पद .....
9. सम्बन्धित विभाग में पद पर नियुक्ति की तिथि– .....
10. सम्बन्धित विभाग में सम्बन्धित पद पर कार्य करने की अवधि (वर्ष/माह)–.....
    (दिनांक) – .....से ..... (तक)
11. वर्तमान में धारित वेतन बैड़, ग्रेड़ पे विवरण सहित .....
    .....
12. प्राप्त कुल परिलब्धियों वेतन, ग्रेड वेतन एवं अन्य भत्तो का पृथक–पृथक उल्लेख –
    (कृपया अन्तिम वेतन आहरण पर्ची संलग्न करें)
    .....
    .....

13. शैक्षिक योग्यताए –

क्रमसं0	योग्यता	वर्ष	बोर्ड / संस्था / विश्वविघालय का नाम	श्रेणी	विषय
01.	हाईस्कूल				
02.	इण्टरमीड़िएट				
03.	स्नातक				
04.	स्नातकोत्तर				
05.	प्राविधिक योग्यता				
06.	अन्य				

14. अनुभव सम्बन्धित विवरण– .....
.....
.

15. अन्य विवरण– .....

16. संलग्नको की संख्या – .....
...

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

घोषणा

मैं..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि उपरोक्त समस्त प्रविष्टियाँ मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है, तथा कोई छिपाया नहीं गया है। मेरे सभी प्रमाण पत्रों की मूल/प्रमाणित छाया प्रतियां आवश्यकतानुसार साक्षात्कार के समय उपलब्ध करा दी जायेगी । किसी तथ्य के असत्य पाये जाने पर कुमाऊँ मण्ड़ल विकास निगम, लि0 नैनीताल, को आवेदन पत्र निरस्त करने/सेवा बिना किसी सूचना के समाप्त करने का अधिकार होगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

दिनांक–

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर